क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 191 देहरादून गुरूवार 09 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये

जगत्गुरू शंकराचार्य से मिले मुख्यमंत्री धामी

देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कनखल स्थित शंकराचार्य आश्रम में जगत्गुरू शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम से शिष्टाचार भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री इसके बाद ओम घाट पहुंचे, जहां उन्होंने पंचस्नान किया तथा देश व प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना करते हुये मां गंगा से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, दिनेश, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह चौहान, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, नितिन गौतम, जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ योगेन्द्र सिंह रावत, एसडीएम पूरन सिंह राणा, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, सीओ सिटी शेखर जुयाल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

धूमधाम से की गई गंगा मैया की पूजा

नगर संवाददाता

देहरादून। गंगा दशहरा के पर्व के अवसर पर भक्तगणों ने मां गंगा की पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम के साथ की गई। आज गंगोत्री धाम में गंगा दशहरा गंगा अवतरण दिवस के पावन अवसर पर राजा भगीरथ महाराज की डोली और स्थानीय देवी–देवताओं और हजारों तीर्थ यात्रियों के साथ तीर्थ पुरोहित और मंदिर समिति गंगोत्री गंगा पुरोहित सभा ने गंगा मैया की पूजा अर्चना गंगा लहरी पाठ गंगा सहस्रनाम पाठ श्री सूक्त आदि के साथ गंगा मैया की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई और सभी देशवासियों की खुशहाली की कामना की गई।

'गंभीर मुकदमों की वापसी सुरक्षा के लिए बन सकती मुसीबत'

सर्वोच्च न्यायालय भी धारा 321 के दुरुपयोग पर समस्त हाईकोर्ट को दे चुका है निर्देश, जालसाजी चोरी चकारी हत्या के प्रयास जैसे मुकदमे लिए सरकार ने वापिस

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से दिनदहाड़े लूट, हत्याएं, डकैती की वारदात हो रही हैं, लेकिन सुशासन की बड़ी–बड़ी बातें करने वाली सरकार इन पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। दुर्भाग्य की बात है एक तरफ तो सुशासन की बात की जाती है दूसरी तरफ गंभीर प्रवृत्ति के मुकदमे (चोरी, जालसाजी, हत्या के प्रयास आदि) वापस लेकर एक तरह से इनको खुला संरक्षण दे रही है। कुछ माह पहले सरकार ने धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा व कूट रचित दस्तावेज के आधार पर षड्यंत्र रचने वाले तथा हत्या के प्रयास जैसे मुकदमें जनहित में दर्शाकर वापस लिए, जोकि सरासर सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना है। सरकार द्वारा धारा 321 का दुरुपयोग कर सभी मामले जनहित में दर्शाए गए हैं, जबकि इन मुकदमों का दूर–दूर तक जनहित से कोई वास्ता नहीं ह। नेगी ने कहा कि माह अगस्त 2021 को सर्वोच्च न्यायालय ने सभी प्रदेशों के उच्च न्यायालयों से धारा 321 का दुरुपयोग रोकने के निर्देश दिए तथा यह भी चिंता जताई कि सरकार जनहित के नाम पर गंभीर प्रवृत्ति के मुकदमे वापस ले रही है, जो कि अनुचित है। सरकार के इस प्रकार के निर्णय से समाज में गलत संदेश जा रहा है तथा बदमाशों जालसाजों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। मोर्चा ने सरकार को चेताया कि दोहरी पॉलिसी पर काम करना बंद करे। पत्रकार वार्ता में कल्पना बिष्ट, सायरा बानो, नीरू त्यागी, तारा नेगी, बालेश्वरी पटवाल मौजूद थे।

चरम पर यात्रा चारधाम, इधर त्राहिमाम त्राहिमाम

देहरादून, नगर संवाददाता। उधार मैदान में प्रचंड लू के थपेड़ों से लोग हलकान हैं, लेकिन इधर पहाड़ में ठंडी हवाओं के बावजूद आम आदमी त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं। वजह है तकरीबन सभी यात्री वाहनों का चारधाम यात्रा में व्यस्त होना। लोकल रूट पर घण्टों तक कोई यात्री वाहन नजर नहीं आ रहा है, एक्का दुक्का जो वाहन यहां चल रहे हैं, वह भी शादियों में व्यस्त हैं अथवा उनमें लोग भेड़ बकरियों की तरह सवार होकर अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं।

मुख्य राजमार्गों पर भी इन दिनों वाहन संचालकों व चालकों परिचालकों की नजर में स्थानीय यात्रियों की कोई 'औकात' नहीं रह गयी है, ऐसे में पहाड़ के आम वाशिंदे हलकान हैं। चिलचिलाती धूप के बीच लगभग सभी सड़कों पर लोगों को पैदल ही अपने गंतव्यों की ओर जाते देखा जा सकता है। ऐसा नहीं कि ऐसे हालात कोई पहली बार सामने आए होंगे, हर वर्ष यही होता आया है लेकिन न सरकार, न शासन और न ही परिवहन विभाग को इससे कोई लेना देना है, लब्बोलुआब यह कि सरकार द्वारा आम यात्रियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। क्यों नहीं परिवहन विभाग तमाम बस कम्पनियों के साथ सभी टैक्सी व कैब असोसिएशन वालों का रिकॉर्ड तलब कर उन्हें इस हेतु बाध्य करता कि अपने बड़े में से किसी निश्चित संख्या में वाहनों को उनके तय रुट पर चलाया जाय। माना कि मेहमान का दर्जा बड़ा है उसकी सहूलियत के ध्यान रखना हमारा धर्म है लेकिन मेजबानों की ऐसी दुर्गति भी ठीक नहीं। मेहमान भी तभी हो सकते जब मेजबान हों...

छोटी-छोटी खबरें

एसजीआरआर मिशन के 100 से अधिक स्कूलों में शिक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया शुरु

देहरादून। श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन के 100 से अधिक स्कूलों में शिक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया में उत्तर भारत के विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थी लिखित व साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया। चार दिवसीय चयन प्रक्रिया छह से नौ जून तक चलेगी। श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल तालाब शाखा में मिशन की शिक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। भर्ती चयन प्रक्रिया में 1500 आवेदक प्रतिदिन लिखित व साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। चार दिनों तक चलने वाली प्रक्रिया में करीब छह हजार अभ्यर्थी भाग लेंगे। उत्कष्ट अभ्यर्थियों को वरीयता सूची के आधार पर साक्षात्कार प्रक्रिया के लिए बुलाया जा रहा है व चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड से अभ्यर्थी पहुंच रहे हैं।

मृतक तीर्थयात्रियों के परिजनों को 5000–5000 रू की आर्थिक सहायता देंगे मोरारी बापू

देहरादून। उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के अंतर्गत डामटा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मारे गए तीर्थयात्रियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए संत मोरारी बापू ने प्रत्येक मृतक आश्रित को 5000–5000 रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

इस दुर्घटना में मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के 26 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल चार लोगों का देहरादून में मैक्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस बस में मध्यप्रदेश के पन्ना के 28 तीर्थयात्री और चालक व परिचालक समेत 30 लोग सवार थे। ये तीर्थयात्री यमुनोत्री जा रहे थे, डामटा के पास अचानक बस का स्टेयरिंग लॉक हो जाने के कारण बस लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में 26 लोगों की मौत हुई, जबकि चार लोग घायल हुए। मोरारी बापू ने इन तीर्थयात्रियों की मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के आश्रित को 5000–5000 रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है। मृतकों का विवरण प्राप्त होने के बाद मृतकों के परिजनों को यह धनराशि भेजी जाएगी। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

आपकी आवाज

प्रिय पाठकों

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

क्राइम पेट्रोल लाइवः

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी (भारत सरकार) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772
डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13
दूरभाष : 9837625470
फैक्स : 0135-2740155
ई–मेलः crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

सुगन्धित तेलों, परफ्यूमरी और अरोमाथेरेपी पर प्रशिक्षण कार्यशाला शुरु

देहरादून, नगर संवाददाता। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), देहरादून और सुगंध और स्वाद विकास केंद्र (एफएफडीसी), कन्नौज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सुगन्धित तेलों, परफ्यूमरी और अरोमाथेरेपी पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला मंगलवार को शुरु हुई। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में भारत के विभिन्न हिस्सों से कुल 32 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण सह कार्यशाला का उद्‌घाटन डॉ. रेणु सिंह, निदेशक, एफआरआई, देहरादून द्वारा किया गया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. रेणु सिंह ने मानव जीवन में सुगन्धित तेलों के महत्व और औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्र में उनकी क्षमता और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सुगंध उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर जोर देते हुए, और आवश्यक तेलों के उत्पादन और मूल्यवर्धन में भारत की क्षमता को रेखांकित करते हुए उन्होंने ऐसे अत्यधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को विकसित करने पर जोर दिया जो स्वाद और सुगन्ध उद्योग में अभिनव विचारों के साथ प्रभावी ढंग से काम कर सकें जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय योगदान को बढाया जा सके। उन्होंने सुगंध उद्यमियों के हित में प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए रसायन विज्ञान और बायोप्रोस्पेक्टिंग (सी एंड बीपी) डिवीजन, एफआरआई और एफ. एफ.डी.सी. के संयुक्त प्रयासों की सराहना की। विशेष अतिथि के रूप में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए सुगंधा व्यापार संघ, दिल्ली के अध्यक्ष रोहित सेठ ने प्राकृतिक सुगन्धित तेलों के चिकित्सीय लाभों पर प्रकाश डाला और सुगन्धित तेलों, परफ्यूमरी और अरोमाथेरेपी और इनके व्यापार के अवसरों और बाजार की संभावनाओं पर जोर दिया। ए.पी. सिंह, प्रमुख, प्रशिक्षण एवं कृषि प्रौद्योगिकी, एफएफडीसी, कन्नौज ने प्रशिक्षण सह कार्यशाला के कार्यक्रमों और एफएफडीसी की गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षण समन्वयक, डॉ वीके वार्ष्णेय के स्वागत भाषण से हुई। पाठ्यक्रम निदेशक तथा समापन डॉ. विनीत कुमार, वैज्ञानिक–जी, सी एंड बीपी डिवीजन, एफआरआई द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उद्‌घाटन समारोह में एफआरआई के प्रभागाध्यक्षों और सी एंड बीपी डिवीजन के डॉ. एसएस बिष्ट, डॉ के मुरली, स्टाफ और शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राधिका, रिसर्च स्कॉलर, सी एंड बीपी डिवीजन ने किया। यह प्रशिक्षण सह कार्यशाला 11 जून, 2022 तक जारी रहेगी और प्रतिभागियों को सुगन्धित तेलों के प्रसंस्करण, गुणवत्ता मूल्यांकन और चिकित्सीय लाभों और इत्र और अरोमाथेरेपी में उनके अनुप्रयोगों के मौलिक और व्यावहारिक पहलुओं के बारे में सुगंध उद्योग के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और अरोमा थेरेपिस्ट द्वारा व्याख्यान और व्यावहारिक प्रदर्शनों के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान करेगी।

वन आरक्षी के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

नगर संवाददाता

पौड़ी। तहसील के अंतर्गत आने वाले कल्जीखाल ब्लॉक क्षेत्र के 4 युवकों द्वारा वन विभाग के वन आरक्षी के साथ मारपीट की गई है। वन आरक्षी की तहरीर पर युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वन आरक्षी पंकज नेगी ने बताया कि वह अपने अदवानी क्षेत्र में गश्त पर थे। वहीं, छजोली धार के पास 4 युवक और 2 युवतियां बैठे हुए थे। उनके द्वारा उनसे आग्रह किया गया कि यह क्षेत्र गुलदार संभावित है। साथ ही अन्य जंगली

जानवरों का खतरा भी है। इसके अलावा वर्तमान में फायर सीजन जारी है। ऐसे में कोई अप्रिय घटना क्षेत्र में ना हो इसको लेकर उनसे जाने के लिए कहा गया। ये बात युवकों को नागवार गुजरी और उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी। उसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। इससे उनके चेहरे और सिर पर चोटें आई हैं। इसकी शिकायत तहसील पौड़ी में कर दी गई है। वहीं, नायब तहसीलदार संजय नेगी ने बताया कि वन आरक्षी पंकज नेगी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर सरकारी कर्मचारी के साथ मारपीट करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल और बोट हाउस क्लब के पदाधिकारियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने बुधवार को राजभवन में नैनीताल के होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल और बोट हाउस क्लब के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नैनीताल में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं की स्थापना से संबंधित चुनौतियों पर सभी स्टेक होल्डर्स के साथ विस्तार से चर्चा की गई और उनके सुझाव प्राप्त किये।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल शहर उत्तराखण्ड के लिए एक धरोहर के रूप में है। यहां नयना देवी का आशीर्वाद व प्राकृतिक सौंदर्य देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि नैनीताल में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं में आ रही चुनौतियों से किस तरह निपटा जाए। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, रोड कनेक्टिविटी को ठीक करने, पीने के पानी की समस्या से निजात दिलाने, अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने व नैनीताल को ग्लोबल टूरिज्म से जोड़ने आदि पर दीर्घ कालिक योजना तैयार करनी होगी। उन्होंने पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि नैनीताल शहर को बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने के लिए सभी स्टेक होल्डर्स एक मास्टर प्लॉन तैयार कर साझा करें जिससे उनके सुझावों को शहर की बेहतरी के लिए योजना में शामिल किया जा सके। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए मल्टीस्टोरी पार्किंग व ट्राली लगाने का विचार किया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन जोड़ने का भी सुझाव दिया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा पर्यटन व्यवसाय के साथ–साथ दैनिक चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाये जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने, शहर के विभिन्न नौलों की सफाई, नैनीताल में हैलीपोर्ट बनाए जाने व हैली सेवाओं से जोड़ने आदि के बारे में अवगत कराया। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कई अन्य विषयों पर भी राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया जिनमें शहर में वैंड़िग जोन बनाये जाने, श्मशान घाट हेतु जाने वाले रास्ते को ठीक करने, रेगेटा सेलिंग प्रारम्भ करने, नैनीताल जू के लिए जाने वाली सड़क को ठीक किया जाना आदि मुख्य रूप से रहे। राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता की जायेगी। उन्होंने कहा कि नशेखोरी की प्रवृति को रोकने के लिए हमें सामूहिक रूप से जिम्मेदारी लेते हुए जागरूकता अभियान के साथ–साथ इसमें लिप्त लोगों के विरुद्व उचित कार्यवाही करने की जाएगी। इस दौरान सचिव श्री राज्यपाल डॉ. रंजीत सिन्हा ने भी कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। उन्होंने नैनी झील के मरम्मत कार्यों के लिए आपदा मद में प्रस्ताव प्राप्त होते ही डीपीआर तैयार करवाने को आश्वासन दिया। पदाधिकारियों नैनीताल शहर की समस्याओं एवं चुनौतियां के सन्दर्भ में बैठक आहुत करने पर राज्यपाल का धन्यवाद किया गया। बैठक में होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल और बोट हाउस क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मथुरा से श्री बद्रीनाथ दर्शन को आई माताजी के लिए जीवनदायिनी बनी चमोली पुलिस

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

चमोली। चारधाम यात्रा ड्यूटी में नियुक्त चमोली पुलिस के जवान मित्रता, सेवा,सुरक्षा के भाव से श्री बद्रीनाथ धाम में आने वाले दर्शनार्थियों की सेवा में तन–मन से जुटे हैं। इसी क्रम में 'मथुरा' से श्री बद्रीनाथ दर्शन को आई 64 वर्षीय माताजी श्रीमती 'गायत्री देवी' गुरूवार की प्रातः मन्दिर दर्शन को जाते समय गेट के पास की सीढ़ियों पर ठोकर लगने से गिर गयी,जिन्हें देख वहाँ ड्यूटी पर नियुक्त चमोली पुलिस के जवान लक्ष्मण सिंह मेहता व राजेन्द्र सिंह जीना द्वारा तत्काल उनके पास पहुंचकर बिना देरी किए चोटिल माताजी को विवेकानंद चिकित्सालय पहुंचाया गया। उपचार के दौरान माताजी के सिर पर 6 टांके आये और हाथ मे फ्रैक्चर होने पर प्लास्टर कराया गया। उपचार के बाद दोनों जवानों द्वारा माता जी को श्री बद्रीनाथ जी के दर्शन कराकर सकुशल उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाया। चमोली पुलिस के सेवाभाव से माताजी अत्यधिक प्रसन्न हुई उन्होंने दोनों जवानों को आशीर्वाद दिया।

श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग में फंसे 4 श्रद्धालु

देहरादून, नगर संवाददाता। दिनांक 8 जून को देर रात्रि, एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि घाघरिया से 4 किमी आगे श्री हेमकुंड साहिब की ओर ग्लेशियर के पास कुछ लोग फंसे हुए है। जिसमें किसी का स्वास्थ्य भी खराब होने की आशंका है। उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ पोस्ट घाघरिया से मुख्य आरक्षी मंगल सिंह भाकुनी के नेतृत्व में टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। सर्चिंग के दौरान दिखाई दिया कि घटनास्थल पर चार लोग मौजूद है। जिसमे से एक श्रद्धालु का स्वास्थ्य खराब है। एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम द्वारा अत्यंत विषम परिस्थितियों में रात्रि के घनघोर अंधेरे में त्वरित रेस्क्यू कार्य हुए बीमार व्यक्ति को सर्वप्रथम प्राथमिक उपचार दिया गया व उसके उपरांत चारो लोगों को पैदल मार्ग से होते हुए सकुशल घांघरिया गुरुद्वारे लाया गया।

बीस दिवसीय आत्मरक्षा व ध्यान योग शिविर का आयोजन, छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे तैयार

विकासनगर, नगर संवाददाता। हनुमान धाम में रक्षालय जूड़ो एकेडमी की ओर से 20 दिवसीय जूड़ो खेल के अंतर्गत आत्मरक्षा एवं ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीराम सेनटेनियल स्कूल एवं विकासनगर के अन्य स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। शिविर का उद्घाटन हनुमान धाम के संरक्षक विष्णु महावर एवं ग्रोवर के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने सभी बच्चों व कोच पूर्णिमा अग्रवाल को शिविर के आयोजन की बधाई व शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही व रक्षालय जूड़ो एकेडमी की हेड कोच पूर्णिमा अग्रवाल ने बताया शिविर में लिविंग एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट स्किल्स के बारे में बच्चों को समय–समय पर बताया जाएगा। हम विशेष रूप से बालिकाओं को और बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक के लिए तैयार करेंगे। विकासनगर के हनुमत धाम पर यह शिविर बुधवार से आरंभ किया गया है। शिविर में नेशनल प्लेयर रक्षित अग्रवाल, कार्तिक राणा, ऋषिता भसीन, अमृत, खुशी, याशिका, तनिष्का, अथर्व, यशराज, प्रत्यूष, मोहित, बानी आदि ने प्रतिभाग किया।

रुद्रप्रयाग को मिलेगा कौशल विकास पुरस्कार

रुद्रप्रयाग, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। जिला कौशल विकास योजना में तहत नवाचार और बेस्ट प्रैक्टिसेस के लिए गुरुवार को जनपद रुद्रप्रयाग को जिला कौशल विकास योजना पुरस्कार 2020–21 से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के लिए सेवायोजन की टीम दिल्ली रवाना हो गई है। नई दिल्ली में शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री भारत सरकार धर्मेद्र प्रधान द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे ने बताया कि बीते जनवरी माह में तत्कालीन जिलाधिकारी मनुज गोयल ने जिला कौशल विकास योजना का ऑनलाइन प्रजेन्टेशन भारत सरकार को दिया था, जिसे भारत सरकार ने नवाचार एवं सर्वोच्चतम कार्य मानते हुए जनपद का चयन पुरस्कार के लिए किया था। शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री भारत सरकार ने जिलाधिकारी को जिला कौशल विकास योजना पुरस्कार के लिए आमंत्रित किया था, किंतु चारधाम यात्रा की व्यवस्तता के चलते डीएम पुरस्कार के लिए नहीं जा सके। हालांकि सेवायोजन की टीम पुरस्कार के लिए दिल्ली रवाना हो गई है।

मैड संस्था की टीम को किया सम्मानित

देहरादून, नगर संवाददाता। मैड संस्था की ओर से हाल में ही लोगों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देने के लिए कर्नल ब्राउन स्कूल में मैराथन का आयोजन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर संयुक्त नागरिक संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मैड संस्था में शामिल युवाओं को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें रिस्पना और बिंदाल नदियों के पुनर्जीवन के लिए शुरू किए गए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मैड के अध्यक्ष करण कपूर, सात्विक निझोन, डॉ एस फारुख, चौधरी ओमवीर सिंह, ब्रिगेडियर केजी बहल, जगमोहन मेंदीरत्ता, ताराचंद गुप्ता, तनवीर सिंह, प्रकाश नागिया, सुशील त्यागी, शेरिगंलूडिंग, मनोज ध्यानी, रविंद्र प्रधान, डॉ बी के ओली, डॉ मुकुल शर्मा, यशवीर आर्य, सुशील सैनी, मुकेश नारायण शर्मा, परमजीत कक्कड़, एसएस खेड़ा, आशा टम्टा आदि मौजूद थे।

गेट बंद रखने पर व्यापारी नाराज

हल्द्वानी, नगर संवाददाता। बेस अस्पताल का गेट नंबर 2 बंद होने और गेट के बाहर अव्यवस्थित वाहनों के खड़े रहने के मामले में व्यापारी बुधवार को पीएमएस डॉ. सविता ह्यांकी से मिले। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारियों ने गेट पर वाहन खड़े होने से मरीजों को होने वाली समस्या पर नाराजगी जताई। संगठन प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि अस्पताल प्रशासन गेट बंद नहीं कर सकता है। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ–साथ अन्य लोगों को भी परेशानी हो रही है। कहा कि अस्पताल में व्यवस्था बनाने के नाम पर गेट बंद कर देना समस्या का हल नहीं है। संगठन के चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रेम बेलवाल ने भी गेट नंबर 2 पंजीकरण द्वार को खुलवाने की मांग की। प्रदेश मंत्री चंद्रशेखर पंत ने कहा कि पंजीकरण कक्ष के सामने वाला गेट नहीं खोला गया तो व्यापार मंडल आंदोलन करेगा।

हल्द्वानी में मिशन 2024 पर भाजपा की माथापच्ची

हल्द्वानी, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। भाजपा की हल्द्वानी में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में दूसरे कुछ राजनीतिक प्रस्ताव लाए जाने के साथ भाजपा के नेताओं का पूरा फोकस केंद्रीय योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने व केंद्र तथा राज्य सरकार की 8 सालों की उपलब्धियों को घर–घर तक पहुंचाने के लिये चिंतन मंथन किया गया।

हर समय चुनावी मोड में रहने के लिए जानी जाने वाली भाजपा का पूरा फोकस इस बात पर केंद्रित है कि 2024 के आम चुनाव में एक बार फिर राज्य की सभी 5 सीटों पर जीत दर्ज की जाए। आज कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप जलाकर किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि हम केवल चुनाव जीतने के लिए काम नहीं करते हैं। लोगों के बीच रहकर उनके दुख–सुख में सहभागी बनते हैं। उनकी क्या समस्याएं हैं उन्हें दूर करने के प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कामों का ही नतीजा है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में बंपर जीत दर्ज की और उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से मुख्यमंत्री को जनता ने जिताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में होने वाले निकाय और पंचायत चुनाव के अलावा लोकसभा 2024 का चुनाव भी है। हम प्रयासरत है कि हम एक बार फिर 2019 से अधिक वोटों से फिर पांचों लोकसभा सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री मोदी का हाथ मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस का कुछ शेष नहीं बचा है राज्य की विधानसभा से लेकर लोकसभा की सभी सीटों और राज्यसभा की सभी तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अभी से इसकी तैयारी शुरू कर दी है। 10 जून से 20 जून तक भाजपा जिला कार्यसमितियों की बैठकें होंगी, 21 जून को योग दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में बड़े आयोजन किए जाएंगे और राज्य के सभी 252 मंडलों में बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि हम हर बूथ से लेकर पन्ना प्रमुखों की जिम्मेदारी तय करेंगे। भाजपा की कार्यसमिति की इस बैठक में आज केंद्र सरकार के 8 सालों की उपलब्धियों और राज्य सरकार की बड़ी जीत पर प्रस्ताव लाया जाएगा। गरीबों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ भाजपा द्वारा कैसे जनता तक पहुंचाया जा सका है? और सरकार आगे क्या करने जा रही है सभी उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यसमिति की बैठक में मुख्यमंत्री धामी से लेकर प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, सभी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्रियों के अलावा राज्य सरकार के सभी मंत्री और विधायकों सहित तीन सौ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

रिश्वत लेते कानूनगो रगें हाथों पकड़ा

देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। विजिलेंस टीम ने डोईवाला तहसील से कानूनगो को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। कानूनगो पांच–पांच हजार रुपये प्रति फाइल के नाम पर रिश्वत मांगी थी। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायकर्ता ने टोल फ्री नंबर पर बताया कि मोतीलाल न्यू शिव मार्केट शास्त्रीनगर ज्वालापुर हरद्विार रिश्वत मांग रहा है। जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता की मां अपने दो भूखंडों को कृषि भूमि से अकृषि भूमि घोषित करने के लिए 31 अक्टूबर 2021 को आवेदन किया था। दोनों रकबों की अलग अलग पत्रावली पर रिपोर्ट लगाने के लिए शिकायकर्ता ने कानूनगो मोतीलाल से कई बार संपर्क किया। जिस पर कानूनगो ने प्रति फाइल पांच हजार रुपये समेत कुल 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। जांच सही पाए जाने के बाद ट्रैप टीम गठित की गई।

नाबालिग को भगा ले गया आरोपी फरीदाबाद से गिरफ्तार

स्टाफ रिपोर्टर

देहरादून। 13 वर्षीय नाबालिग को भगाकर ले जाने के आरोपी 26 वर्षीय युवक को दून पुलिस ने फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने लड़की को बरामद किया है। लड़की के मिलने पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो और दुष्कर्म की धारा भी बढ़ाई गई है। लड़की बीते 30 मई से लापता थी।

राजपुर थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि लड़की के लापता होने पर 31 मई को उसकी मां ने केस दर्ज कराया था। कहा कि वह एक मकान में काम करती थी। तीस मई को वह सुबह घर से गई और शाम तक वापस नहीं लौटी। मां ने उसे काफी ढूंढा पर वह नहीं मिली। इसके बाद वह जहां काम करने जाती थी वहां संपर्क किया तो उन्होंने उसके वहां पहुंचने से मना कर दिया। इसके बाद परिचितों और रिश्तेदारों के यहां पता किया। वहां भी मना कर दिया गया। इस दौरान मां ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों से बेटी को राहुल वाल्मीकि नाम का युवक परेशान कर रहा था। पुलिस ने जांच शुरू की। इसके बाद कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी राहुल वाल्मीकि निवासी कांठ बंगला बस्ती, राजपुर को मंगलवार को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से लड़की भी मिली। इस दौरान पता लगा कि आरोपी ने झांसा देकर नाबालिग से शारीरिक संबंध भी बनाए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो और दुष्कर्म की धारा जोड़ते हुए दून लाकर बुधवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया गया।

रास बिहारी बोस सुभारती विवि में कला प्रदर्शनी का आयोजन

सेलाकुइ, नगर संवाददाता। नंदा की चौकी स्थित रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय परिसर में डा. मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल आफ़ फाइन आर्ट्र्स–फैशन डिज़ाइन विभाग की तरफ से तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी एवं एक दिन की संगोष्ठी का आयोजन संघमाता डा. मुक्ति भटनागर के स्मरण में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. दर्शन कुमार शर्मा अध्यक्ष भारतीय चिकित्सा परिषद्, मुख्य अधिकारी डा. अतुल भटनागर, वाइस चांसलर डा. पीके शर्मा, खालिद हसन एवं विभागाध्यक्ष संतोष कुमार, गीतिका शर्मा तथा सहायक अध्यापक बदरे आलम के अलावा सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

मौसम को लेकर 15 जून तक किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया

www.pak101.com

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड ही नहीं इन दिनों पूरा देश भीषण गर्मी की मार झेल रहा है। पारा हर रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। देश की राजधानी दिल्ली का पारा 46 डिग्री सेल्सियस को लांघ चुका है वहीं सूबे की राजधानी देहरादून का पारा बीते एक सप्ताह से 40 डिग्री सेल्सियस के पार है। जिसने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अभी चंद रोज पहले तक जहां चारों धामों में कड़ाके की सर्दी का कहर था वहीं यहां भी पारा 27 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है तथा ओली में भी 21 डिग्री सेल्सियस के पास है जिसे लेकर सभी हैरान–परेशान हैं। मौसम विभाग द्वारा पारे के खतरनाक स्तर तक पहुंचने की भविष्यवाणी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है और अभी 15 जून तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया गया है। 10–11 जून को उत्तराखंड के कुछ पर्वतीय भागों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना जरूर जताई गई है लेकिन इससे कोई बड़ी राहत फिल्हाल नहीं मिलने वाली है। इस भीषण गर्मी के दौर में कामकाजी लोगों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिनके लिए घर से बाहर निकलना उनकी मजबूरी है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जो उनके स्वास्थ्य पर भारी पड़ रहा है। अस्पतालों में डायरिया और पेट रोग संबंधी मरीजों में भारी वृद्धि हो रही है। देश के कई हिस्से ऐसे हैं जहां पारा 45 के पार जा चुका है और जून की गर्मी लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। उत्तराखंड को इन दिनों इस गर्मी की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। राज्य के जंगल एक बार फिर से धधकने शुरू हो गए हैं। जिससे तापमान और बढ़ रहा है राज्य के कई क्षेत्रों में बिजली–पानी का संकट बढ़ गया है। राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है जिसके कारण बिजली कटौती भी एक मजबूरी बन गई है। इस संकट से अभी फिलहाल कोई मुक्ति के आसार इसलिए भी नहीं दिख रहे हैं क्योंकि अभी मानसून आने में काफी समय लग सकता है पहले देश की राजधानी तक मानसून के 15 जून तक पहुंचने की बात कही जा रही है लेकिन अब इसमें एक सप्ताह और देरी होने की बात कही जा रही है। विश्व के बड़े देशों की ग्लोबल वार्मिंग को लेकर भले ही चाहे जो भी चिंताएं रही हो लेकिन उनके कारण पूरे विश्व को जिन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है वह किसी से छिपा नहीं है। बढ़ते तापमान से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। जलस्रोत सूख रहे हैं तथा भूगर्भीय जल स्तर नीचे और नीचे होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिग की समस्या पर अगर विश्व राष्ट्र गंभीर नहीं होते हैं तो इसका प्रभाव पूरे मानव समाज को इसका दुष्परिणाम भोगना पड़ेगा, इसमें किसी को कोई शंका नहीं होनी चाहिए।

ज्वेलर्स की दुकान में डकैती डालने आए बदमाश की जमकर धुनाई, पुलिस को सौंपा

उत्तराखण्ड पुलिस
UTTARAKHAND POLICE
मित्रता सेवा सुरक्षा

हरिद्वार, नगर संवाददाता। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के पॉश इलाके में दिनदहाड़े बदमाशों ने ज्वेलर्स की दुकान में डकैती डालने का प्रयास किया, लेकिन दुकानदार की बहादुरी के कारण बदमाश वारदात को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो पाए। वहीं, एक बदमाश भी लोगों के हत्थे चढ़ गया, जिसकी लोगों ने जमकर धुनाई की और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, पांच आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए। ये पूरी वारदात दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक घटना दोपहर करीब 1.30 बजे की है। शिवालिक नगर के मुख्य बाजार में स्थित अमन ज्वेलर्स की दुकान के बाहर दो मोटर साइकिलों पर छह युवक आए। इनमें से तीन युवक तो तेजी से दुकान के भीतर घुस आए और हथियार के बल पर दुकानदार से सोना–चांदी निकालने को कहने लगे, जबकि तीन बदमाश दुकान के बाहर ही खड़े रहे। अमन ज्वेलर्स के मालिक का कहना है कि वो दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान तीन डकैत दुकान के अंदर घुसे और उन्होंने हमारे ऊपर कट्टे तान दिए। साथ ही तमंचे के बल पर सोने–चांदी के जेवरात निकालने को कहा। हालांकि जब उन्होंने सोने–चांदी देने में आनाकानी की तो वे मारपीट करने लगे। इसके बाद एक बदमाश ने कट्टे से उनके सिर पर जोरदार हमला किया। अमन ज्वेलर्स के मालिक का कहना है कि उनके दिमाग में बस यही चल रहा था कि यदि आज बदमाश उनका माल लूटने में कामयाब हो गए तो वो बर्बाद हो जाएंगे। इसी वजह से उनमें हिम्मत आई और उन्होंने एक बदमाश को कस कर पकड़ लिया। हालांकि पांच बदमाश थोड़ा बहुत सोना चांदी लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

संपादकीय..............

ओवर रेटिंग पर शराब की दुकान का चालान

शराब की दुकानों में ओवररेटिंग को लेकर ग्राहकों और सेल्समैन के बीच तकरार होना आम बात मानी जाती है। देहरादून में कई शराब की दुकानों पर ग्राहकों से शराब के अधिक दाम वसूले जाने की चर्चाएं अक्सर सुनी जाती हैं। मगर पिछले कुछ समय से सरकारी अमला शराब की ओवररेटिंग के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाए हुए हैं। देहरादून में पिछले कुछ समय से जिला प्रशासन की ओर से ओवररेटिंग के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई दुकानदारों के चालान काटे हैं। जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार द्वारा जनपद में शराब की ओवर रेटिंग की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिला आबकारी अधिकारी को जनपद अवस्थित शराब की दुकानों में नियमित अभियान चलाकर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए है। जिलाधिकारी के निर्देशो के अनुपालन में आबकारी विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में शराब की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डांडा लखौण्ड स्थित शराब की दुकान पर निर्धारित मूल्य से 15 रू अधिक पर शराब विक्रय करना पाया गया। जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शराब विक्रय करने पर सम्बन्धित अनुज्ञापी का 50 हजार का चालान किया गया है। जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार ने अवगत कराया कि विभिन्न माध्यमों से शराब की ओवर रेटिंग की शिकायतें प्राप्त हो रहीं है जिस पर जिला आबकारी अधिकारी को अभियान चलाकर अधिक दाम वसूलने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रकार की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। जिला प्रशासन के सख्त रवैये को देखते हुए शराब की दुकान के संचालक ओवररेटिंग से जरूर तौबा करेंगे।

मसूरी में जाम, पर्यटक परेशान

देहरादून, नगर संवाददाता। मसूरी में बुधवार को 11.30 बजे करीब पिक्चर पैलेस चौक पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक वाहन व दुपहिया वाहन चालक जाम में फंस गए। जाम लगने का मुख्य कारण लोडर वाहन व बड़े–बड़े ट्रक रहे। माल रोड पर निर्धारित समय के बाद लोडर वाहन माल की सप्लाई करते हुए देखे जा रहे हैं। साथ ही प्राइवेट टैक्सियां भी बे रोकटोक माल रोड पर घूम रही हैं। जिससे पर्यटको के साथ स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान चौक पर एक भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं दिखा जो जाम को सुचारू कर सकें। वही इस दौरान एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। वहीं दूसरी ओर टिहरी में थत्यूड़ बाजार में बने पुल पर बीते मंगलवार रात डंपर चालक ने एक बैल को कुचलकर मार दिया। चालक डंपर को छोड़कर मौके से फरार हो गया। व्यापार मंडलाध्यक्ष थत्यूड़ दीपक सजवाण के नेतृत्व में व्यापारियों ने इस संबंध में बुधवार को थत्यूड़ थाने में पत्र देकर दोषी डंपर चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

मिंत्रा की एंड ऑफ रीजन सेल 11 जून से

Myntra
END OF REASON SALE
11TH-16TH JUN
50-80% OFF
TITLE SPONSOR
U.S. POLO ASSN.
GET YOUR CARTS READY!

देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। मिंत्रा की सबसे बड़ी फैशन ईवेंट और साल में दो बार होने वाली ईओआरएस यानि एंड ऑफ रीजन सेल का समय नजदीक आ रहा है और उसके साथ शुरू होने वाला है देश में लाखों फैशनप्रेमियों का फैशन का जुनून और खुशी यह ईवेंट 11 जून से 16 जून के बीच आयोजित होगी और अपने पिछले संस्करणों के मुकाबले और ज्यादा बड़ी होगी। इस ईवेंट में 5000 से ज्यादा ब्रांड्स के 14 लाख से अधिक स्टाईल्स का सबसे बड़ा संग्रह आ रहा है यह 6–दिवसीय ईवेंट देश में 50 लाख से ज्यादा ग्राहकों को फैशन, लाईफस्टाईल, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर और होम कैटेगरीज में अतुलनीय ऑफर प्रस्तुत करने वाली है। मांग में सामान्य व्यापार में 3 गुना से ज्यादा उछाल और ट्रैफिक में पिछले जुलाई संस्करण के मुकाबले 26 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है मिंत्रा को 1 मिलियन से ज्यादा नए ग्राहकों की उम्मीद है जिनमें 40 प्रतिशत से ज्यादा ट्रैफिक टियर 2 और टियर 3 शहरों से आएगा। ईओआरएस के बारे में मिंत्रा की सीईओ, नंदिता सिन्हा ने कहा पिछले कुछ वर्षों में ईओआरएस देश में सबसे अधिक मांग वाले फैशन कार्यक्रमों में से एक बन गया है। पिछले हर संस्करण की तरह ही 16 वां संस्करण भी हर मोर्चे पर बड़ा होगा, चाहे वह ब्रांड हो, चयन हो या शैली, तथा सभी फैशन और सौंदर्य प्रेमियों के लिए इस 6 दिवसीय कार्निवल को आनंददायक बनाएगा। यह आयोजन मिंत्रा के लिए किराना स्टोर साझेदारों, तावी कारीगरों, छोटे और मध्यम स्तर के ब्रांड्स और विक्रेताओं से लेकर सप्लाई चेन पार्टनर्स तक फैशन के इकोसिस्टम को बढ़ावा देने का एक अवसर है। हमारा निरंतर प्रयास उपभोक्ताओं की फैशन की अभिरुचि को उच्च स्तर पर ले जाने के साथ–साथ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के भागीदारों को उज्जवल भविष्य देने में मदद करना है।'' शॉपर्स को किस मामले में उत्साहित रहना चाहिए ब्रांड्स ने गर्मियों लिए जरूरी संग्रह, जनरेशन जैड के ट्रेंड्स, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर और सेलिब्रिटी के निर्देशन वाले ईओआरएस स्पेशल कलेक्शंस पर केंद्रित रहते हुए विशाल श्रृंखला तैयार की है पहली बार के शॉपर्स को अपने प्रारंभिक विनिमय पर 500 रु. का कैशबैक, आकर्षक कूपन और पहले 4 ऑर्डर पर मुफ्त डिलीवरी का लाभ मिलेगा। भुगतान के मामले में बैंक आकर्षक ऑफर दे रहे हैं, जैसे आईसीआईसीआई एवं एक्सिस बैंक 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट दे रहे हैं, जबकि पेटीएम के यूजर्स को वॉलेट एवं पोस्टपेड विनिमयों पर एश्योर्ड कैशबैक मिलेगा। ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए मिंत्रा पर ईओआरएस से पहले 100 नए ब्रांड आए हैं और इसके स्टाईल के संग्रह में पिछले जुलाई संस्करण के मुकाबले 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे शॉपर्स को डी2सी ब्रांड्स सहित सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू ब्रांड्स का विस्तृत कैटालोग प्राप्त हुआ है। शॉपर्स को यहां पर फैशन, लाईफस्टाईल, होम डेकोर, ब्यूटी एवं पर्सनल केयर उत्पादों का विशाल संग्रह बहुत किफायती मूल्य में मिलेगा। इस संग्रह में एसपीए, प्यूमा,एचआरएक्स, बीबा, रोडस्टर, एचएंडएम, मैंगो, लिवाईस, फायरबोल्ट, ओनली, नाईक, मदरकेयर, मैक्स और फॉरएवर21 जैसे ब्रांड्स होंगे जनरेशन जैड शॉपर्स के लिए मिंत्रा के गो–टू–डेस्टिनेशन, स्टाईलकास्ट के लॉन्च के बाद इसकी प्रस्तुतियां 5 गुना से ज्यादा बढ़कर 35,000 से अधिक स्टाईल्स तक विस्तृत हो गई हैं, जो इस ईवेंट के दौरान शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेंगी।

एचसीएल ग्रांट के 16.5 करोड़ रुपये के संस्करण 8 के लिए आवेदन मंगाए गए

देहरादून, नगर संवाददाता। पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) इस प्रतिष्ठित अनुदान के लिए एचसीएल ग्रांट पोर्टल एचसीएल ग्रांट होमपेज एचसीएल फाउंडेशन पर आवेदन कर सकते हैं। एचसीएल ग्रांट ने ग्रामीण भारत में बदलाव लाने वाले गैर सरकारी संगठनों को मान्यता देने के लिए संस्करण 8 की घोषणा की है। आवेदन पोर्टल अब लाइव है, और ऑनलाइन आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 18 जून, 2022 है। 2015 में शुरू हुआ, एचसीएल ग्रांट एचसीएल फाउंडेशन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज की सीएसआर इकाई के माध्यम से एक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) प्रतिबद्धता है, ताकि गैर सरकारी संगठनों को मजबूत और सशक्त बनाते हुए उनके साथ जुड़ सकें और उन्हें उनकी उल्लेखनीय कार्यों के लिए मान्यता दी जा सके। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए एचसीएल फाउंडेशन ने अब एचसीएल ग्रांट के आठवें संस्करण की घोषणा की है। एचसीएल ग्रांट पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा श्रेणी में प्रत्येक विजेता एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) को तीन साल की परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपये का अनुदान देता है। एचसीएल ग्रांट फाइनल सूची में जगह बनाने वाले अन्य संगठनों को भी पुरस्कृत करता है, जो अच्छा काम कर रहे हैं। इसलिए, प्रत्येक श्रेणी में शामिल दो अन्य फाइनलिस्ट को साल भर की अवधि वाली परियोजना के लिए 25 लाख रुपये का अनुदान मिलता है। ये वह परियोजनाएं होती हैं जिस पर अंतिम जूरी बैठक के बाद एचसीएल फाउंडेशन और एनजीओ पारस्परिक रूप से सहमत होते हैं। इस वर्ष के लिए एचसीएल अनुदान के लिए आवेदन पोर्टल लाइव हो चुका है। इस वर्ष के अनुदान के लिए आवेदन करने के इच्छुक गैर सरकारी संगठन इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं, जिसमें संगठनात्मक जानकारी, परियोजना सार और कुछ अनिवार्य दस्तावेज शामिल हैं। एचसीएल ग्रांट ग्रामीण भारत में परियोजनाओं को लागू करने के अनुभव के साथ पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के लिए है। पर्यावरण, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नवोन्मेषी, अनुकरणीय और स्थायी मॉडल वाले संगठन इस अनुदान की पात्रता रखते हैं। आवेदक एचसीएल ग्रांट पोर्टल के माध्यम से एचसीएल ग्रांट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

आईएमए में आयोजित किया गया स्प्रिंग टर्म–22 पासिंग आउट कोर्स पुरस्कार समारोह

नगर संवाददाता

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी में स्प्रिंग टर्म–22 पासिंग आउट कोर्स का पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 150 नियमित पाठ्यक्रम और 133 तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जेंटलमैन कैडेट्स को सम्मानित किया गया। जेंटलमैन कैडेट्स को लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट मेडल ने सम्मानित किया।

भारतीय सैन्य अकादमी में जेंटलमैन कैडेट्स को दिया जाने वाला प्रशिक्षण सैन्य बुनियादी बातों और नेतृत्व के साथ–साथ बुनियादी सैन्य कौशल में दक्षता का व्यापक ज्ञान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार अधिकारियों के लिए आवश्यक चरित्र, बुद्धि, फिटनेस और क्षमता के गुणों को विकसित करना है, जिन्हें अपने करियर में हर समय नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय सैन्य अकादमी की तरफ से जैंटलमैन कैडेट्स को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है। अकादमी में नियमित और तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम के लिए कई जेंटलमैन कैडेट्स को सम्मानित किया गया। कमांडेंट ने अपने संबोधन में कहा कि युद्ध का मैदान आज सीमा रेखा से आगे बढ़ गया है, परिचालन स्पेक्ट्रम जटिल हो गया है। विरोधी नियमों का पालन नहीं करता है। संपर्क और गैर–संपर्क युद्ध, नेटवर्क, सूचना, और राज्य के साथ–साथ गैर–राज्य द्वारा छेड़े गए। साइबर युद्ध के संलयन के साथ आज संघर्ष बहुआयामी हैं। भविष्य में सैनिकों को न केवल आधुनिक युद्ध की प्रकृति की गहरी समझ होनी चाहिए, बल्कि जटिल युद्ध क्षेत्र के माहौल में काम करने के लिए कुशल और प्रशिक्षित होना चाहिए। कमांडेंट ने कोविड–19 के प्रसार के कारण बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद इस तरह के उच्च मानकों को हासिल करने के लिए सभी की सराहना की। कमांडेंट ने उन्हें आवंटित विभिन्न सेवाओं में आगे की सफलता और गौरव की कामना की।

गंगा दशहरा से पहले लड़खड़ाया ट्रैफिक सिस्टम

ऋषिकेश, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। गंगा दशहरा पर्व से एक दिन पहले बुधवार को तीर्थनगरी ऋषिकेश की यातायात व्यवस्था फिर पटरी से उतर गई। हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एआरटीओ दफ्तर से लेकर ढालवाला तक वाहनों का लंबा जमा लगा रहा। तन को झुलसाने वाली गर्मी में घंटों जाम में फंसे लोग बेहाल रहे। वहीं, हाईवे पर नेपालीफार्म से खदरी रेलवे फाटक तक भी ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त रही। गुरुवार को गंगा दशहरा है। ऋषिकेश में गंगा में डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसके मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने हरिद्वार की ओर से आने वाले यात्री वाहनों का रूट श्यामपुर चौकी से हरिद्वार बाईपास मार्ग की ओर किया है। लेकिन एक दिन पहले ट्रैफिक प्लान फेल होता नजर आया। हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे पर नेपालीफार्म से खदरी रेलवे फाटक, कोयलघाटी तिराहा से चंद्रभागा पुल तिराहे तक लोग जाम से जूझते रहे। वहीं, हरिद्वार बाईपास मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने से एआरटीओ से तहसील चौक, नटराज चौक और गंगोत्री हाईवे स्थित ढालवाला तक वाहनों का लंबा जाम रहा। ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड जवान पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था को संभालते नजर आए। जाम देर शाम तक बना रहा।

श्रीनगर में सफाई नायक निलंबित

पौड़ी, नगर संवाददाता। खिर्सू ब्लाक के आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कालेज श्रीनगर में तैनात सफाई नायक मनोज कुमार को जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा ने स्कूल में कर्मचारियों के साथ अभ्रद व्यवहार करने, प्रधानाचार्य की ओर से दिए गए आदेशों का पालन नहीं करने के आरोपों में निलंबित कर दिया है। पौड़ी के मुख्य शिक्षाधिकारी एवं डीईओ बेसिक डॉ. आनंद भारद्वाज ने बताया कि आदर्श विद्यालय राइंका श्रीनगर के प्रधानाचार्य ने पत्र लिखकर बताया था कि स्कूल में तैनात सफाई नायक मनोज कुमार स्कूल में कर्मचारियों के साथ अभ्रद व्यवहार व गाली गलौच करता है। साथ ही वह स्कूल में प्रधानाचार्य द्वारा दिए आदेशों का भी पालन नहीं करता है। स्कूल में अपनी इच्छानुसार उपस्थित होने व कर्मचारी आचरण नियमावली का भी वह उल्लंघन किया जा रहा है।

रेल परियोजना के एडिट टनल 7 में धमाका, एक कर्मचारी की मौत

रुद्रप्रयाग, नगर संवाददाता। टनल निर्माण के दौरान कार्य कर रहे श्रमिक की विस्फोट की चपेट में आकर मौत हो गई। कंपनी की ओर से मुआवजे की बात कही गई है। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन की रैंतोली में निर्माणाधीन एडिट टनल 7 पर हुए विस्फोट में एक कर्मचारी की मौत हो गई। जिससे बाद गुस्साए कर्मचारी और मजदूरों ने सुमेरपुर मेगा कंपनी कार्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही निर्माण कार्य रोक दिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा देने की मांग की।

रैंतोली एडिट टनल 7 पर लापरवाही के कारण हुए विस्फोट से यहां काम कर रहे एक कर्मचारी गुड्डू भिलंगवाल उम्र 40 वर्ष निवासी क्वीली की मौत हो गई। जिसकी खबर मिलते ही कर्मचारी और मजदूरों ने मेगा कंपनी कार्यालय में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कर्मचारी मजदूरों ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की। इसके साथ ही कंपनी द्वारा बाहर निकाले गए 6 लोगों को वापस काम पर रखने की मांग की। वहीं, मजदूरों ने कहा कि विस्फोट में घायल व्यक्ति को उचित उपचार और आर्थिक सहायता दी जाए। प्रत्यक्षदर्शी अनुज भट्ट ने कहा वह दोनों टनल के अंदर काम कर रहे थे। जबकि उनके साथ गुड्डू कैप्सूल भर रहा था. साथ ही ब्लास्टिंग भी सामने रखी थी। कुछ ही देर में ब्लास्टिंग में विस्फोट हुआ और गुड्डू भिलंगवाल की मौत हो गई। मेगा कंपनी के डीजीएम एचएन सिंह ने कहा कंपनी के नियमानुसार पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाएगा। कंपनी पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ है।

डा. धन सिंह रावत को मिला उत्तराखंड शौर्य सम्मान’

उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार के लिये किये गये सम्मानित उत्तराखंड शौर्य सम्मान पाने वाले डा. रावत पहले राजनेता

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड शौर्य अभियान समिति द्वारा कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत को उत्तराखंड शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किये गये नवाचार प्रयोगों के लिये दिया गया। डा. रावत पहले ऐसे राजनेता हैं जिन्हें यह पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व यह सम्मान पद्मश्री जगत सिंह जंगली, पदमश्री प्रेमचंद शर्मा आदि लोगों को मिल चुका है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार एवं विशिष्ट कार्य किये हैं।

उत्तराखंड शौर्य अभियान समिति द्वारा देहरादून के एक निजी होटल में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत को वर्ष 2022 के शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें समिति द्वारा डा. रावत को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं शॉल उडाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा. धन सिंह रावत ने समिति का आभार जताते हुये कहा कि सम्मान और पुरस्कार बेहत्तर कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये प्रदान किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि वह छात्र जीवन से हमेशा समाज के लिये संघर्षरत रहे हैं और उन्हें यह प्रेरणा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं आरएसएस से मिली। डा. रावत ने बताया कि सूबे के अंतिम व्यक्ति को बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना एवं शिक्षा की अलख जगाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां आगामी जुलाई माह में नई शिक्षा नीति लागू कर दी जायेगी। इसी तरह स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार द्वारा लोगों को अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिये जा रहा है। अब तक साढ़े सात लाख लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। राज्य के दुरस्त क्षेत्रों के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है, हाल ही में केदारनाथ से 352 मरीजों को एयरलिफ्ट किया जा चुका है। डा. रावत ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किये जाने पर समिति की प्रशंसा की। कार्यक्रम में समिति के सदस्य एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन सिंह गांववासी ने कहा कि उत्तराखंड में डा. धन सिंह रावत एक ऐसे नेता हैं जो लोकप्रिय जनप्रतिनिधि होने के साथ ही एक सच्चे जनसेवक भी हैं। जिन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्र में अप्रत्याशित विकास कार्य तो किये ही हैं साथ ही पूरे प्रदेश में भी सक्रिय भागीदारी निभाने में सफल रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान अपने सभी विभागों में जन अपेक्षाओं के अनुरूप सुधारात्मक कार्य किये हैं। विशेषकर उच्च शिक्षा विभाग में उन्होंने अभूतपूर्व एवं नवाचार प्रयोग किये जो कि सफल रहे। डा. रावत की इसी कार्यप्रणाली को देखते हुये समिति ने इस वर्ष का उत्तराखंड शौर्य सम्मान उनको देने का निर्णय लिया। इसी के साथ डा. रावत पहले राजनीतिक व्यक्ति हैं जिनको समिति द्वारा इस सम्मान के लिये चुना गया। इससे पूर्व समिति ने पद्मश्री जगत सिंह जंगली, पदमश्री प्रेमचंद शर्मा सहित कई हस्तियों को उत्तराखंड सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में राष्ट्रीय दृष्टि बाधित संस्थान के निदेशक डा. हिमांशु दास, हिमालयन विवि के कुलपति प्रो जेपी पचौरी, सलाहकार रूसा प्रो एमएसएम रावत, प्रो केडी पुरोहित, पर्वतीय विकास शोध संस्थान के अध्यक्ष डा. अरविंद दरमोड़ा, प्रो मोहन सिंह पंवार, पूर्व निदेशक बागवानी डा. बीएस नेगी, पूर्व सेनानायक एसएसबी एसएस कैन्तुरा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

सर्वे स्टेडियम में 12 को लगेंगे विभागीय योजनाओं से प्रचार स्टॉल: गणेश जोशी

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। मोदी सरकार के सफल 8 साल पूर्ण होने पर आगामी 12 जून को ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग तथा उद्यान विभाग से संबंधित योजनाओं के प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ इस अवसर पर आयोजित होने वाली विशाल जन सभा को मुख्यमंत्री स्वयं संबोधित करेंगे। आज कैबिनेट मंत्री और मसूरी विधायक गणेश जोशी द्वारा 12 जून को सर्वे स्टेडियम हाथीबड़कला में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के संबंध में ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों संग तैयारी बैठक ली गई। इसके उपरांत कृषि मंत्री द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों संग कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों को अवगत कराया गया कि इस कार्यक्रम में देहरादून महानगर अंतर्गत आने वाली पांचों विधानसभाओं से कई किसान और उद्यमी इस अयोजन में प्रतिभाग करेंगे। विभागीय योजनाओं के प्रचार – प्रसार के लिए यह एक शानदार अवसर है। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में यह साबित किया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार हो तो महत्पूर्ण फैसलों की बदौलत देश की दशा और दिशा बदली जा सकती है। हाल के वर्षा में सरकार के सामने कोरोना महामारी और ध्वस्त होती इकोनॉमी जैसी चुनौतियां सामने आईं लेकिन इन चुनौतियों से जूझते हुए मोदी सरकार ने देश की विकास यात्रा को नई गति दी है। किसानों के लिए सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में हर साल 6000 रूपए आते हैं। इस प्रकार की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी किसानों से मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री संवाद भी करेंगे। इस दौरान निदेशक कृषि, गौरीशंकर, अपर आयुक्त ग्राम विकास, एसके राजपूत, आरपी सिंह मुख्य अभियंता पीएमजीएसवाई, सुरेश राम संयुक्त निदेशक उद्यान तथा अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः- समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।